>

Title: Need to enhance the amount of pension under various Pension Schemes and to provide pension to the deprived people of Bihar under these schemes.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): आज महंगाई की जो स्थिति है उसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वृद्ध व्यक्तियों को दिये जा रहे सामाजिक पेंशन राशि में बढ़ोतरी की अत्यंत आवश्यकता है। आज सरकार सिर्फ 80 वर्ष के वृद्ध बीपीएल नागरिक को 500 रूपये की राशि मुहैया करा रही है। जबकि, 60 वर्ष के सभी बीपीएल नागरिकों को 500 रूपया की राशि दिया जाना चाहिए था। साथ ही विकलांग एवं विधवा महिला को इस योजना के लाभ के तहत नई राशि 500 रू0 निर्धारित कर दिया जाना चाहिए। क्योंकि, महंगाई के इस युग में सरकार द्वारा देय वर्तमान पेंशन राशि से अपना जीवन बसर करने में कुछ खास मदद नहीं मिल पाता। जिस कारण सयरकार की इन योजनाओं की सार्थकता में कमी रह जाती है। अतः सरकार द्वारा विभिन्न सामाजिक पेंशन योजनाओं को अधिक कारगर बनाने हेतु इस ओर ध्यान देना आवश्यक हे। मेरे संसदीय क्षेतृ शिवहर के पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी एवं शिवहर जिला में ऐसे हजारों उदाहरण है जिसमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत कर रहे नागरिक सामाजिक पेंशन योजनाओं से लाभान्वित होने से वंचित है। ऐसे परिवारों की पहचान एक नई पैनल द्वारा पूरे बिहार में तैयार करायी जाये जिससे उक्त पेंशन के योग्य लाभार्थियों की पहचान करने के साथ इस कार्यकृम से जोड़ा जा सके। तभी हम गरीबों के साथ न्याय कर पायेंगे।

अतः सरकार से अनुरोध है कि सामाजिक पेंशन योजनाओं में निर्धारित राशि 200 रूपये को बढ़ाकर 500 रूपये की जाये साथ ही सामाजिक पेंशन से वंचित गरीब परिवारों को नया पैनल तैयार कर जोड़ा जाये जिससे गरीबों को समुचित लाभ मिल सके।